भारत सरकार
मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय
मत्स्यपालन विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 558
06 फरवरी, 2024 को उत्तर के लिए

समुद्री मछली की मात्रा में गिरावट

558. श्री श्रीनिवास दादासाहेब पाटीलः

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या मछुआरों द्वारा पकड़ी गई समुद्री मछलियों की कतिपय लोकप्रिय किस्मों की संख्या में तेजी से कमी आ रही है;
(ख) यदि हां, तो समुद्रीय मछलियों की मात्रा में इस कमी के लिए उत्तरदायी प्रमुख कारकों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) सरकार द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं कि मछलियों की संख्या एक निश्चित सीमा से कम न हो जाए जिसके परिणामस्वरूप कतिपय प्रकार की मछलियां विलुप्त हो सकती हैं?

उत्तर

मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री

(श्री परशोत्तम रूपाला)

(क): आईसीएआर-सीएमएफआरआई द्वारा किए गए नवीनतम अध्ययन के अनुसार, भारतीय जल में समुद्री मत्स्य स्टॉक की स्थिति अच्छी है और 2022 के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में मूल्यांकन किए गए 135 मत्स्य स्टॉक में से 91.1% टिकाऊ (ससटेनेबल) पाए गए थे । मछलियों की पकड़ के प्रयास और मछलियों की लैंडिंग के बीच सामान्य तालमेल है, और मछलियों की मात्रा में गिरावट ध्यान में नहीं आई है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता.

(ग) : भारतीय विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र (ईईजेड) में मत्स्य स्टॉक की स्थिति का पता लगाने और मत्स्य संसाधनों की क्षमता के पुनर्वैधीकरण के लिए मत्स्य पालन विभाग, भारत सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञों की समिति द्वारा नियमित अंतराल पर मत्स्य संसाधनों की क्षमता का अनुमान लगाया जाता है । संभावित मत्स्य संसाधनों के पुनर्वैधीकरण (री-वेलिडेशन) के लिए विशेषज्ञ समिति (2018) की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, ईईजेड में 53.1 लाख टन समुद्री मत्स्य संसाधनों के होने का अनुमान है । इस क्षमता की तुलना में, पिछले 5 वर्षों (2017-18 से 2021-22) के दौरान 37.88 लाख टन समुद्री मत्स्य संसाधनों का औसत उपयोग किया गया था, जो भारतीय ईईजेड में 53.1 लाख टन मत्स्य संसाधनों की संभावित उपज से कम है । भारत सरकार ने मत्स्य भंडार बढ़ाने और समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र में सुधार के लिए कई कदम उठाए हैं जैसे कि "प्रधान मंत्री मत्स्य सम्पदा योजना (पीएमएमएसवाई)" के तहत आर्टिफ़िशियल रीफ़्स की स्थापना और सी रेंचिंग, समुद्री शैवाल (सी वीड) की खेती के साथ साथ समुद्री कृषि को बढ़ावा देना आदि। इसके अलावा, टिकाऊ मात्स्यिकी सुनिश्चित करने के लिए उपाय लागू किए गए हैं जैसे (i) भारतीय ईईजेड में मछली पकड़ने पर सालाना 61 दिनों का एक समान प्रतिबंध लागू करना, (ii) भारतीय ईईजेड में विनाशकारी मछली पकड़ने की प्रथाओं पर प्रतिबंध जैसे पेयर्ड बॉटम ट्रॉलिंग या बुल ट्रॉलिंग और मछली पकड़ने में आर्टिफ़िशियल और एलईडी लाईट्स का उपयोग, (iii) समुद्री संरक्षित क्षेत्रों (एमपीए) की घोषणा और लुप्तप्राय, संकटग्रस्त और संरक्षित (ईटीपी) प्रजातियों की सुरक्षा (iv) ट्रॉल नेट में टर्टल एक्सक्लूडर डिवाइस (टीईडी) की स्थापना, मछली पकड़ने के गियर और जाल-आकार के नियम, मछलियों का न्यूनतम कानूनी आकार (एमएलएस), स्थानिक-सामयिक (स्पेशियल-टेम्पोरल) प्रतिबंध, तटीय राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों द्वारा मत्स्यन क्षेत्रों का ज़ोनेशन, आदि ।

*****